# दिनांक 27.06.2024 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थितिः– संलग्न सूची के अनुसार।

दिनांक 27.06.2024 को अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत पूर्वान्ह 11.30 बजे पर मानस सभागार, कलेक्ट्रेट, औरैया में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आहुत की गयी। समिति के सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया, कि जनपद औरैया में 202608 गृह संयोजन उपलब्ध कराये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023–24 में सबसे अधिक 113720 गृह संयोजन उपलब्ध कराये गये हैं। जिस कारण दिनाक 26.06.2024 को जनपद 93.12 प्रतिशत के साथ प्रदेश औसत (83.88 प्रतिशत) से आगे बना रहा। बैठक में निम्न बिंदुओं पर समीक्षा की गयीं।

**एजेण्डा बिंदु संख्याः– 1**

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा।**

जनपद औरैया में JJM फेज–2 एवं 3 के कार्यों को कराये जाने हेतु तथा 10 वर्षों तक अनुरक्षण कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से अनुबंधित एजेंसी मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि0 एवं मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 को क्रमशः 151 एवं 574 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये हैं। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया, कि अद्यतन तक मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि0 द्वारा स्वीकृत 97 परियोजनाओं के सापेक्ष 97 पेयजल परियोजनाओं (सम्मिलित 151 राजस्व ग्राम) पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसमें 96 नलकूप विकसित कर 45 पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से 69 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल की उपलब्धता की जा रही है। साथ ही 42 पेयजल परियोजनाओं का ट्रायल रन कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा 63 अवर जलाशयों का निर्माण कार्य पूर्ण है एवं 33 अवर जलाशयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 689.00 किमी की वितरण प्रणाली बिछाने के साथ–साथ वर्ष 2024 तक लक्षित 41050 गृह संयोजनों के सापेक्ष 38848 गृह संयोजन उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 द्वारा 278 पेयजल परियोजनाओं (सम्मिलित 574 राजस्व ग्राम) पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिसमें 304 नलकूप विकसित कर 161 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही 30 पेयजल परियोजनाओं का ट्रायल रन कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा 74 अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण है एवं 164 अवर जलाशयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शेष 25 जिंक एलम टाइप अवर जलाशय राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से स्वीकृत उपरान्त निर्माण किया जाना है। 2641.00 किमी वितरण प्रणाली बिछाने के साथ–साथ वर्ष 2024 तक लक्षित 139895 गृह संयोजन के सापेक्ष 126811 गृह संयोजन उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त अनुबंधित एजेंसी मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी लि0 एवं मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स लि0 द्वारा क्रमशः 33 एवं 88 राजस्व ग्रामों को हर घर जल से प्रमाणित किया गया है। जिसपर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये, कि जल जीवन सर्वेक्षण के अन्तर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण में कम अंकों को देखते हुये दोनों निर्माण एजेंसी जिला पंचायत

राज अधिकारी, औरैया से समन्वय स्थापित कर ग्रामों के प्रमाणीकरण का लक्ष्य पूर्ण किया जाये। जिसकी समीक्षा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रत्येक सप्ताह कर प्रमाणीकरण सम्बन्धित विवरण मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करायें। तत्पश्चात परियोजनाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा निर्गत नियमानुसार एवं उ0प्र0 पंचायतीराज निदेशालय के हैण्ड ओवर एवं टेक ओवर पोर्टल (www.rwsp.upprd.in) पर हस्तगत कराने की कार्यवाही पूर्ण की जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0)

<u>एजेण्डा बिंदु संख्याः– 2</u>

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चयनित ISA & IEC संस्थाओं द्वारा की जा रही गतिविधियों की समीक्षा–**

**01 आई.एस.ए.–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जनपद–औरैया में आई0एस0ए0 कार्य हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के पत्र सं0– 2405/W-314/JJM-ISA/2020-21, दिनांक– 25, जनवरी 2021 द्वारा "<u>A</u>" कैटेगरी की कुल 02 आई0एस0ए0 संस्थाओं (KRASHI EVAM SHAIKSHIK PRABANDH SANSTHAN, LUCKNOW & OXFORD SHIKSHA PRASAR SANSTHAN, KANNAUJ) को नामित किया गया है। उक्त के अनुपालन में विकास खण्ड– औरैया, अजीतमल एवं भाग्यनगर में ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान को कलस्टर संख्या 01, 02, 03, 04, 11 एवं 12 के माध्यम से 236 ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड– बिधूना, सहार, अछल्दा व एरवाकटरा में कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान को कलस्टर संख्या 05, 06, 07, 08, 09 एवं 10 कलस्टर के माध्यम से 241 ग्राम पंचायत आवंटित किये गये थे।

<u>संस्थाओं को विकास खण्डवार क्लस्टर आवंटन</u>

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | क्लस्टर सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत की सं0 | राजस्व ग्राम की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | 01 | औरैया | 40 | 62 |
| | | 02 | औरैया | 30 | 53 |
| | | 03 | अजीतमल | 43 | 69 |
| | | 04 | भाग्यनगर | 51 | 97 |
| | | 11 | अजीतमल | 25 | 35 |
| | | | भाग्यनगर | 22 | 31 |
| | | 12 | औरैया | 25 | 32 |
| 2 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 05 | बिधूना | 42 | 66 |
| | | 06 | अछल्दा | 35 | 61 |
| | | | ऐरवाकटरा | 09 | 11 |
| | | 07 | सहार | 31 | 49 |
| | | 08 | ऐरवाकटरा | 37 | 75 |
| | | 09 | सहार | 34 | 45 |
| | | 10 | अछल्दा | 26 | 45 |
| | | | बिधूना | 27 | 38 |
| | <u>कुल</u> | | | 477 | 769 |

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत दोनों सूचीबद्ध संस्थाओं को तीन चरणों में आई0एस0ए0 गतिविधियां पूर्ण की जानी हैं। जिसमें **प्रथम चरण**– ''नियोजन एवं लोगों को संगठित करना'' जो तीन माह अवधि, **द्वितीय चरण**– ''क्रियान्वियन चरण'' जो छः माह अवधि तथा **तृतीय चरण**– ''पोस्ट इम्पलीमेंटेशन फेज'' जो तीन माह अवधि का है।

अद्यतन तक ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान द्वारा कलस्टर 01, 02, 03, 04, 11, 12 के प्रथम चरण एवं कलस्टर 01, 02, 03, 04 के द्वितीय चरण के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान द्वारा कलस्टर 05, 06, 07, 08, 09 एवं 10 के प्रथम चरण एवं 05, 06, 07 के द्वितीय चरण के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। पूर्व में ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान द्वारा की गयी आई0एस0ए0 गतिविधियों के कलस्टर 01, 02, 03, 04 एवं कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान द्वारा की गयी आई0एस0ए0 गतिविधियों के कलस्टर 05, 06, 07 के प्रथम चरण जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन उपरान्त भुगतान की कार्यवाही की जा चुकी है। आईएसए संस्था ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान द्वारा प्रथम चरण से पूर्ण की गयी गतिविधियों का विवरण निम्नवत् है–

<u>प्रथम चरण– नियोजन एवं लोगों को संगठित करना (03 माह)</u>

| क्र0 सं0 | महत्वपूर्ण बिन्दु | क्रियाकलाप | कार्य की स्थिति<br>ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन एवं बैंक में खाता खोलना | 1. ग्राम सभा की बैठक का आयोजन<br>2. ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन एवं क्रियाशीलता, प्रशिक्षण प्रदान करना।<br>3. बैंक खाता खुलवाना | पूर्ण |
| 2 | बेस लाइन डाटा सत्यापन करना व सत्यापित आख्या का ग्राम प्रधान द्वारा सत्यापन करवा कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रेषित करना। | 1. बेस लाइन डाटा का सत्यापन करना।<br>2. उपलब्ध FHTC का सर्वेक्षण करना।<br>3. WSP (वाटर सिक्योरिटी प्लान) के लिये सर्वे कर डाटा एकत्रित करना। | पूर्ण |
| 3 | PWS निर्माण एवं संचालन एवं देखरेख हेतु सहमति लेना। | 1. विभिन्न संस्थानो के लोगो VWSC सदस्यों व परिवारो के मुखिया के साथ बड़ी बैठक का आयोजन कर कम से कम 80% ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित कराना।<br>2. PWS, CAPEX में सामुदायिक अंशदान, मासिक उपभोग चार्ज भुगतान संचालन एवं देखरेख हेतु सहमति पत्र प्राप्त करना। | पूर्ण |
| 4 | समुदायिक अंशदान | 1. सभी परिवारों से व्यक्तिगत मिलकर योजना की जानकारी देना।<br>2. मासिक महिला बैठक<br>3. मासिक महिला पुरूष संयुक्त बैठक<br>4. प्रभात फेरी व हैण्डवॉश गतिविधि (विधालय एवं राजस्व ग्राम स्तर पर)<br>5. कुल एकत्रीकरण का कम से कम 30% सामुदायिक अंशदान | पूर्ण<br><br><br><br>अपूर्ण |
| 5 | ग्राम कार्ययोजना का अंतिम रूप देना एवं अनुमोदन कराना | 1. सहभागी ग्रामीण मूल्याकंन से सामाजिक आर्थिक मूल्याकंन<br>2. जल स्त्रोतो की गुणवत्ता स्तर जानना व जल नमूना एकत्र कर जॉच परिणाम प्राप्त करना।<br>3. जल प्रबन्धन योजना बनाने हेतु समुदाय को सहयोग करना। | पूर्ण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 4. समुदाय के सहयोग से VAP निर्माण एवं 80 प्रतिशत समुदाय की सहमति से अनुमोदन कराना। | |
| 6 | PWS के लिये कुशल मानव शक्ति की व्यवस्था कराना। | 1. कुशल मानव शक्ति का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करते हुये प्रधान द्वारा हस्ताक्षरित करवाना व DWSM को प्रेषित करना। | पूर्ण |
| 7 | अनुबन्ध को हस्ताक्षरित कराना | 1. GPWSC व ठेकेदार के बीच Triprarty Agreement हस्ताक्षरित कराना। | पूर्ण |

आईएसए संस्थाओं ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान तथा कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान द्वारा द्वितीय चरण से पूर्ण की गयी गतिविधियों का विवरण निम्नवत् है–

**द्वितीय चरण– कियान्वयन चरण (06 माह)**

| क्र0 सं0 | महत्वपूर्ण बिन्दु | क्रियाकलाप | कार्य की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|
| | | | ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान |
| 1 | शिकायत निवारण प्रणाली | 1. दीवार लेखन हेतु 2–3 स्थल की पहचान।<br>2. शिकायतों की समीक्षा हेतु मासिक बैठक। | पूर्ण | पूर्ण |
| 2 | समुदायिक अंशदान | 1. प्रत्येक ग्राम के कम से कम 10 लोगों की एक बड़ी बैठक।<br>2. व्यक्तिगत जन संचार।<br>3. मासिक महिला बैठक।<br>4. मासिक महिला–पुरूष संयुक्त बैठक।<br>5. मासिक प्रभात फेरी एवं हैंड वाश।<br>6. गृह संयोजन की सूची (80 प्रतिशत)।<br>7. कुल एकत्रीकरण का कम से कम 75 प्रतिशत सामूहिक अंशदान | पूर्ण<br><br><br><br><br><br>अपूर्ण | पूर्ण<br><br><br><br><br><br>अपूर्ण |
| 3 | गुणवत्ता आश्वासन | 1. मासिक पानी समिति/ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति बैठक के उपरान्त पेयजल योजनाओं के निर्माण की गुणवत्ता। | पूर्ण | पूर्ण |
| 4 | हाउस होल्ड टाइप गृह संयोजन | 1. व्यक्तिगत जन संचार<br>2. गृह संयोजन की सूची (100 प्रतिशत)। | पूर्ण | पूर्ण |
| 5 | वित्तीय प्रबन्धन एवं रखरखाव | 1. पानी समिति/ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों का वित्तीय प्रबन्धन, रखरखाव एवं दायित्वों का प्रशिक्षण।<br>2. पानी समिति/ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के वित्तीय प्रबन्धन एवं उपनियम हेतु ग्राम पंचायत की बैठक। | पूर्ण | पूर्ण |

ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान द्वारा कलस्टर 11, 12 में प्रथम चरण एवं कलस्टर 03, 04 के द्वितीय चरण तथा कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान द्वारा कलस्टर 05, 06, 07 की द्वितीय चरण की आई0एस0ए0 गतिविधियों को पूर्ण कर गतिविधियों से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज एवं प्रमाणपत्र की हार्ड कॉपी खण्ड कार्यालय को उपलब्ध करायी जा चुकी है। जिसका परीक्षण जनपद में कार्यरत डी0पी0एम0यू0 द्वारा कराते हुये उक्त कलस्टर के देयक खण्ड कार्यालय को प्रस्तुत किये गये हैं, साथ ही संस्थाओं द्वारा जल जीवन मिशन के पोर्टल jjm.up.gov.in पर अनुमोदन हेतु अपलोड किये जा चुके हैं। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | आईएसए संस्था का नाम | कलस्टर संख्या | आवंटित ग्राम पंचायत | चरण | कलस्टर की कुल धनराशि (रू0 में) | भुगतान की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान | 11 | 47 | प्रथम चरण | 6462500.00 | 2003375.00 |
| 2 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान | 12 | 25 | प्रथम चरण | 3437500.00 | 1065625.00 |
| 3 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान | 03 | 43 | द्वितीय चरण | 5912500.00 | 2010250.00 |
| 4 | ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान | 04 | 51 | द्वितीय चरण | 7012500.00 | 2337000.00 |
| | | | | योग (क) | **22825000.00** | **7416250.00** |
| 5 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 05 | 42 | द्वितीय चरण | 5775000.00 | 1810875.00 |
| 6 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 06 | 44 | द्वितीय चरण | 6050000.00 | 1886500.00 |
| 7 | कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान | 07 | 31 | द्वितीय चरण | 4265500.00 | 1353000.00 |
| | | | | योग (ख) | **16090500.00** | **5050375.00** |
| | | | | योग (क+ख) | **38915500.00** | **12466625.00** |

उक्त देयकों का सत्यापन जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से होने के उपरान्त जिलाधिकारी महोदया से अनुमोदन प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही की जानी है। सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा परीक्षण कर ऑक्सफोर्ड शिक्षा एवं प्रसार संस्थान के रू0 7416250.00 एवं कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्ध संस्थान के रू0 5050375.00 भुगतान हेतु देयक प्रस्तुत किये गये। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा यह निर्णय किया गया, कि देयकों के सापेक्ष 10 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में की गयी गतिविधियों का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से करा लिये जायें, तत्पश्चात भुगतान की कार्यवाही की जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), डीपीएमयू., औरैया, मै0 ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मै0 कृषि एवं शैक्षिक प्रबन्धन संस्थान )**

<u>02– आई0ई0सी0 संस्थायें:–</u>

(अ) <u>मै0 माँ चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ–</u> जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में आउटडोर आई.ई.सी. गतिविधियों के संचालन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा मै0 माँ चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ को चयनित किया गया। संस्था को जनपद/विकास खण्ड/तहसील/ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम स्तर पर एल.ई.डी./होर्डिंग्स एवं अन्य आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से एफ.एच.टी.सी./शुद्ध व सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम/गतिविधियों को पूर्ण किये जाने हेतु निम्नांकित जनजागरूकता कार्यक्रमों को कियान्वयन किया जाना है।

| Sl No | Discription of Work/Item(s) | Execution (Level of Qty) |
|---|---|---|
| 1 | Hoarding (10x8sqft) on JJM themes with structure and maintenance of flex for one year. (Flexs will be change 06 times or more in a year) | District-50, Block-10, Tehsil-10, GP-01 |
| 2 | Awareness through LED Vans (Screen size 5x7sqft) on JJM themes on monthly basis (08 hours per day) | District-01, Block-01, LED Van- 01Month |
| 3 | Awareness through LED Vans (Screen size 5x7sqft) on JJM themes, which will cover all revenue village of 01 Gram Panchayat. | Revenue Village- 01 |
| 4 | Fixed LED Screens (Screen size 5x7sqft) for one year (08 hours per day) | Per District- 02 to 04 Screen |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | Digital Graffity Painting on flexy banner (6x4sqft) on JJM themes | Revenue Village- 02 |
| 6 | Making of Video theme song of JJM (One Video per minute) | Per District-10 (Per Video-30 Minute) |

जनपद में संस्था द्वारा दिनांक 22.12.2023 से बिंदु संख्या 01 व 03 पर अंकित गतिविधियों को प्रारम्भ किया गया था। जिसमें बिंदु संख्या 01 की गतिविधि के सापेक्ष जनपद स्तर पर 50 होर्डिंग (10x8sqft) एवं बिंदु संख्या 03 की गतिविधि के सापेक्ष राजस्व ग्राम स्तर पर 75 राजस्व ग्रामों में एल.ई.डी. वेन द्वारा जनजागरूकता का कार्य कराया गया है। शेष कार्य निर्गत कार्यक्रम कैलेण्डर के अनुसार प्रगति पर है।

(ब) <u>मै0 सार्वजनिक शिक्षणोन्नयन संस्थान, लखनऊ</u>– जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर/विकास खण्ड स्तर/जनपद के समस्त ग्राम स्तर/ग्राम पंचायत पर जल गुणवत्ता की सर्विलांस एवं निगरानी, फंक्शनल हाउस होल्ड टाइप कनेक्शन, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु संस्था द्वारा निम्नांकित जन जागरूकता कार्यक्रम, गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है।

| क्र.सं. | जल गुणवत्ता सम्बन्धी आई.ई.सी. कार्यक्रम/गतिविधियों का चरणबद्ध विवरण |
|---|---|
| 1 | फील्ड परीक्षण किट, बैक्टीरियोलॉजिकल वायल की सहायता से एफ.टी.के.–यूजर्स महिलाओं के मध्य जल गुणवत्ता परीक्षण जागरूकता कार्यक्रम। |
| 2 | प्रोजेक्टर के माध्यम से एफ.टी.के. यूजर्स एवं अन्य महिलाओं के मध्य (FTK Kit-Use Process) तथा जल–जनित बीमारियों के प्रकोप हेतु ग्राम जन–मानस के समक्ष फिल्म प्रदर्शन/वीडियो–शो कार्यक्रम। |
| 3 | हॉट–स्पॉट के रूप में पेयजल आपूर्ति तथा शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी प्रदर्शनी जागरूकता कार्यक्रम। |
| 4 | जनपद के विभिन्न स्तर पर आई.ई.सी. कार्यक्रम/गतिविधियों के आयोजन के दौरान जन–मानस के समक्ष उपयोग हेतु आई.ई.सी. सामग्रियों का वितरण कार्यक्रम। |
| 5 | स्वास्थ्य एवं सफाई हेतु ग्रामीण बसावटों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करने तथा ठोस और तरल कचरा प्रबन्धन हेतु विभिन्न रंगों के माध्यम से सामाजिक मानचित्रण द्वारा सोशल मैपिंग कार्यक्रम। |

संस्था द्वारा उक्त गतिविधियों का कार्य प्रगति पर है।

(स) <u>मै0 सांई सहयोग संस्थान, लखनऊ</u>– जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के हितग्राहियों के क्षमता संवर्धन हेतु पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर से सरकारी/गैर सरकारी कार्मिकों यथा आंगनबाड़ी/आशा ए.एन.एम./पानी समितियों के सदस्य/प्रयोक्ता समूह के अन्तर्गत ग्रामीण महिलाओं/स्वयं सहायता समूह/प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों इत्यादि का प्रशिक्षण कार्य सम्पादित कार्य कराया जाना है।

(द) <u>मै0 अम्बर प्रेस, लखनऊ</u>– जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त राजस्व स्तर एवं ग्राम पंचायतों में फंक्शनल हाउस होल्ड कनेक्शन, जलजनित बीमारियों से बचाव एवं जनजागरूकता हेतु आई.ई.सी. गतिविधियों को पूर्ण किया जाना है।

| क0 सं0 | गतिविधि |
|---|---|
| 1 | जनपद के समस्त राजस्व ग्रामों में 05 पेयजल स्रोतों की जांच हेतु जागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम एवं एफ.टी.के. किट की उपलब्धता प्रति राजस्व ग्राम विभागीय स्टोर से प्राप्त कर सुनिश्चित कराना। |
| 2 | जनपद की समस्त राजस्व ग्रामों में 5X6 आकार में प्रमुख स्थान पर दो स्लोगन वॉल राइटिंग का कार्य। |
| 3 | IEC सामग्री की आपूर्ति, समस्त राजस्व ग्रामों में जनजागरूकता तथा स्वच्छता सर्वेक्षण कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों के मध्य व्यवहार परिवर्तन सम्बन्धी IEC सामग्री का वितरण। |

(य) <u>मै0 फालकन, लखनऊ</u> – निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों–जलापूर्ति सम्बन्धी जानकारी एवं मानक के अनुसार क्लोरीन आदि के प्रचार प्रसार हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों यथा पम्प हाउस पर प्रथम वाल राइटिंग एवं द्वितीय वाल राइटिंग पंचायत भवन की दीवाल पर की जानी है (पंचायत भवन न होने की दशा में प्राथमिक विद्यालय पर पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी द्वितीय वाल राइटिंग करायी जानी है)। संस्था द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वाल राइटिंग का कार्य प्रगति पर है। जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत



जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि समस्त चयनित आई0एस0ए0, आई0ई0सी0 एवं पी0आर0आई0 संस्थाओं में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पर्याप्त मानव संसाधन को बढ़ाते हुये समस्त गतिविधियों को ससमय पूर्ण किया जाये। मै0 फाल्कन, लखनऊ द्वारा अद्यतन तक कार्य प्रारम्भ न करने पर संस्था को हटाये जाने की कार्यवाही कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सूचित करें।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), डी.पी.एम.यू., औरैया, मै0 माँ चेरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ, मै0 सार्वजनिक शिक्षणोन्नयन संस्थान, लखनऊ, मै0 सांई सहयोग संस्थान, लखनऊ, मै0 अम्बर प्रेस, लखनऊ)

<u>एजेण्डा बिंदु संख्या:– 3</u>

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 व 3 के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं के प्रमाणीकरण एवं हस्तगत उपरान्त अनुरक्षण एवं रखरखाव के सम्बन्ध में।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जनपद में 253 हर घर जल रिपोर्टेड राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 165 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया है। जिसमें फेज–2 एवं फेज–3 के क्रमशः 33 एवं 88 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया है एवं फेज–2 में नल्हूपुर पेयजल योजना के हस्तगत की प्रकिया उ0प्र0 पंचायतीराज निदेशालय के हैण्ड ओवर/टेक ओवर पोर्टल (www.rwsp.upprd.in) की जा रही है। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी ने निर्देशित किया, कि जनपद में अन्य पूर्ण पेयजल योजनाओं को भी उक्त पोर्टल पर हस्तगत करने हेतु कार्यवाही/प्रकिया को ससमय पूर्ण किया जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0)

<u>एजेण्डा बिंदु संख्या:– 4</u>

<u>जल जीवन सर्वेक्षण के अन्तर्गत विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा</u>

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया, कि जल जीवन सर्वेक्षण 2023 के अनुसार जनपद का प्रदर्शन मापने हेतु जनपदों को गृह संयोजन उपलब्ध कराने के आधार पर पांच श्रेणियों में विभाजित किया गया है। **दिनांक 16.10.2023 को जनपद औरैया ने 75.00 प्रतिशत गृह संयोजन उपलब्ध कराते हुये तृतीय श्रेणी "Achievers" से द्वितीय श्रेणी "High Achievers" का स्थान प्राप्त किया।** अद्यतन तक जनपद औरैया में 93.12 प्रतिशत गृह संयोजन किये जा चुके हैं। समिति को अवगत कराया गया, कि जनपद में 75 प्रतिशत से अधिक गृह संयोजन दिये जा चुके है, अतः अप्रैल 2023 के उपरान्त Har Ghar Jal (HGJ)

Certification कराते हेतु 10 अंक एवं ग्राम पंचायतों, पानी समिति व VWSCs को परियोजनाओं को हस्तगत कराने के 10 अंक का महत्व दिया जायेगा। जनपद में कार्यरत मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0 द्वारा 86 हर घर जल रिपोर्टड ग्रामों के सापेक्ष 33 हर घर जल ग्रामों का प्रमाणीकरण किया गया है एवं कार्यरत मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 द्वारा 123 हर घर जल रिपोर्टड ग्रामों के सापेक्ष 88 हर घर जल ग्रामों का प्रमाणीकरण किया गया है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया, कि जलगुणवत्ता हेतु चयनित दोनों आईएसए संस्थाओं/आई0ई0सी0 संस्थाओं के समस्त कोर्डीनेटर्स एवं डी0पी0एम0यू0 के जिला समन्वय व सी.बी. एंड टी. कॉर्डीनेटस प्रशिक्षित एफ0टी0के0 महिलाओं से समन्वय बनाते हुये जल गुणवत्ता सम्बन्धी विवरण को ईजल शक्ति पोर्टल पर अपलोड करायें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार आ सके। साथ ही हर घर जल नल से लाभान्वित लाभार्थियों से प्रतिदिन मुलाकात कर जल सम्बन्धी जागरूकता बढ़ाने व नये कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रा0), मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप क0लि0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0)**

<u>एजेण्डा बिंदु संख्याः– 5</u>

**अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

जनपद में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के अनुश्रवण एवं गुणवत्ता हेतु मै0 बी0एल0जी0 प्रा0लि0 को थर्ड पार्टी एजेंसी (TPI) एवं मै0 मेधज टैक्नो प्रा0लि0 को जिला कार्यक्रम अनुश्रवण इकाई (DPMU) को चयनित किया गया है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा निर्देशित किया गया, कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता हेतु थर्ड पार्टी एजेंसी निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों के अनुसार कड़ाई से अनुपालन करे।

(कार्यवाही टी0पी0आई0 व डी0पी0एम0यू0, औरैया)

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता/<br>सदस्य सचिव<br>जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति<br>औरैया | मुख्य विकास अधिकारी/<br>सदस्य<br>जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति<br>औरैया | जिलाधिकारी/<br>अध्यक्ष<br>जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति<br>औरैया |

पत्रांक 1247/ w — 36 / 09 दिनांकः 05/07/2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, औरैया (अध्यक्ष)।
2. मुख्य विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
3. जिला विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
4. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औरैया (सदस्य)।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, औरैया (सदस्य)
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया, औरैया (सदस्य)
7. जिला कृषि अधिकारी, औरैया (सदस्य)

8. क्षेत्रीय वनाधिकारी औरैया स्वयं या उनके द्वारा नामित (सदस्य)
9. अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, इटावा (सदस्य)
10. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), औरैया (सदस्य सचिव)
11. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6-3-323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।
12. मै0 जी.वी.पी.आर. इंजीनियर्स लि0, हैदराबाद–500033 तेलंगाना।
13. जिला समन्वयक, मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, औरैया।
14. जिला परियोजना प्रबन्धक, बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0, औरैया।
15. मै0 ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मुहल्ला तिवारियान, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।
16. मै0 कृषि एवं शैक्षिक प्रबंधन संस्थान एल–3, एच.आई.जी. कुर्सी रोड, अलीगंज, लखनऊ।
17. मै0 माँ चेरिटेबल ट्रस्ट, लखनऊ।
18. मै0 फालकन, लखनऊ।
19. मै0 सार्वजनिक शिक्षणोन्नयन संस्थान, लखनऊ।
20. मै0 सांई सहयोग संस्थान, लखनऊ।
21. मै0 अम्बर प्रेस प्रा0लि0, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
औरैया